Need to establish a Navodaya Vidyalaya or PM Shree School in Mauganj district, Madhya Pradesh.-laid

श्री जनार्दन मिश्रा (रीवा) : रीवा जिले के सबसे पिछड़े भाग में एक नया जिला मऊगंज बनाया गया है। मऊगंज जिले की लगभग सम्पूर्ण आबादी सुदूर जंगली व पहाड़ी इलाके में रहती है। शिक्षा के लिए कोई श्रेष्ठ विद्यालय नहीं है। मऊगंज जिले में एक उत्कृष्ट विद्यालय की अत्यंत आवश्यकता है। अत: माननीय शिक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि मऊगंज जिले में एक नवोदय विद्यालय या पीएम श्री विद्यालय स्थापित किये जाने का कष्ट करें।